# झाँसी नगर निगम,झाँसी।

हरित झाँसी                                                                 स्वच्छ झाँसी

## ई–निविदा सूचना

निर्माण कार्यो हेतु पात्र ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा तक प्रतिशत आधार दरों पर ई–निविदा पद्धति से ई–टेण्डरिंग की बेवसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित टेण्डर शैड्युल के अनुसार निविदा आंमत्रित की जाती है। प्रतिभूति की धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि http://jnnjhansi.procure247.com बेवसाइट के माध्यम से आनॅलाइन जमा की जायेगी :–

| क्र0सं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1- | निविदा देखने/डाउनलोड/खरीदनेकी तिथि | **25.09.2025 3.00 PM** | **16.10.2025 3:00 PM** |
| 2- | बिड समाप्ति की तिथि एवं समय | - | **16.10.2025 3:00 PM** |
| 3- | बिड खोलने की तिथि एवं समय | **16.10.2025 3:30 PM** | |

नोट–

1. कार्य से सम्बन्धित निविदा सूचना एवं शर्ते नगर निगम,झॉसी की बेवसाइट **www.jnnjhansi.com** में देखी जा सकती है।
2. निविदा की बेवसाइट **http://etender.up.nic.in**मेंपंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकरण न होने पर निविदा डालना सम्भव नहीं होगा।
3. ई–निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन की सूचना को बेवसाइड पर अपलोड कर प्रकाशित किया जायेगा।
4. एक अथवा सभी निविदाओं को कारण बताये अथवा बिना बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त में निहित होगा।

मुख्य अभियन्ता                                                                 नगर आयुक्त

पत्रांक :– 1582/जनकार्य वि0/न0नि0/2025–26                                   दिनांक :– 19/09/25

प्रतिलिपि :–

1. विज्ञापन व्यवस्थापक, दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान......., दैनिक समाचार पत्र, झाँसी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त अंकित निविदा सूचना प्राप्ति दिनांक को या अगले दिनांक की अपने समाचार पत्र के झाँसी संस्करण के मुख्य पृष्ठ को छोड़कर न्यूनतम स्पेस में तथा 08 के फॉन्ट में एक बार के लिए प्रकाशित कर समाचार पत्र की 03 प्रतियों के साथ बिल भिजवाने का कष्ट करें।
2. सदस्य, निविदा समिति, नगर निगम,झॉसी को इस आशय से उक्त तिथि में निविदा सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।
3. नाजिर/प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम,झाँसी को इस आशय के साथ कि कृपया उक्त निविदा सूचना कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. पी0ए0, नगर आयुक्त को विज्ञापन पंजिका में दर्ज करने हेतु।
5. आई0टी0एक्सपर्ट,नगर निगम,झॉसी को बेवसाइट पर अपलोड हेतु।

मुख्य अभियन्ता
झाँसी नगर निगम,झाँसी।

# झाँसी नगर निगम,झाँसी।

हरित झाँसी                                                                                                   स्वच्छ झाँसी

## ई–निविदा सूचना

निर्माण कार्यों हेतु पात्र ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा तक प्रतिशत आधार दरों पर ई–निविदा पद्धति से ई–टेण्डरिंग की बेवसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित टेण्डर शैड्युल के अनुसार निविदा आंमत्रित की जाती है। प्रतिभूति की धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि http://jnnjhansi.procure247.com बेवसाइट के माध्यम से आनॅलाइन जमा की जायेगी :–

| क्र0सं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1- | निविदा देखने/डाउनलोड/खरीदनेकी तिथि | **25.09.2025 3.00 PM** | **16.10.2025 3:00 PM** |
| 2- | बिड समाप्ति की तिथि एवं समय | - | **16.10.2025 3:00 PM** |
| 3- | बिड खोलने की तिथि एवं समय | **16.10.2025 3:30 PM** | |

### कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | प्रतिभूति की धनराशि | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 01 हंसारी के अन्तर्गत यूनिस आटा चक्की से राकेश कनौजिया के मकान होते हुये हरिदास रायकवार तक सड़क एवं नाली सुधार कार्य। | 841971.00 | 845.00+18.00% GST | 84200.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 2. | वार्ड नं0 02 तालपुरा में मोनू की दुकान से बाबू की दुकान के आगे तक नाली, पुलिया साईड पटरी मरम्मत का कार्य। | 844429.00 | 845.00+18.00% GST | 84500.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 3. | वार्ड नं0 03 भट्टागांव में टैक्सी स्टैण्ड से जगदीश वाल्मीकि तक नाली, पुलिया मरम्मत का कार्य। | 1263550.00 | 1265.00+18.00 % GST | 126400.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 4. | वार्ड नं0 04 खुशीपुरी में गणेश कॉलोनी पार्क की रंगाई पुताई, झूला एवं मरम्मत का कार्य। | 805041.00 | 805.00+18.00% GST | 80600.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 5. | वार्ड नं0 05 ईसाईटोला में धर्मेन्द्र सिंह राजावत के मकान से शारदा किराना स्टोर तक नाली, पुलिया सड़क मरम्मत का कार्य। | 836831.00 | 840.00+18.00% GST | 83700.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 6. | वार्ड नं0 06 नैनागढ़ जैन कॉलोनी में शिवहरे ट्रेडर्स से सीताराम ड्राईवर के मकान तक नाली पुलिया एपैक्स सड़क मरम्मत का कार्य। | 1232876.00 | 1235.00+18.00 % GST | 123300.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 7. | वार्ड नं0 07 में मेवालाल झा के मकान से सेन्ट ओशो मिडिल स्कूल होते हुये निरंजन प्रजापति के मकान तक नाली एवं सड़क मरम्मत कार्य। | 1269229.00 | 1270.00+18.00 % GST | 127000.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 8. | वार्ड नं0 08 नई बस्ती के अन्तर्गत खजूर बाग में सुरेश तिवारी के मकान से विद्याभूषण राय के मकान होते हुए मन्नी लाल साहू तक क्षतिग्रस्त नाली सड़क का सुधार कार्य। | 844702.00 | 845.00+18.00% GST | 84500.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 9. | वार्ड नं0 09 में लिटिल फ्लावर स्कूल से लालाजी तक मंदिर से उदयवीर यादव तक नाली, पुलिया एवं एपैक्स मरम्मत का कार्य। | 1259629.00 | 1260.00+18.00 % GST | 126000.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 10. | वार्ड नं0 10 महावीरन में भरत नायक के मकान से पप्पू चक्की होते हुए शंकर के मकान तक नाला मरम्मत कार्य। | 1267396.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126800.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 11. | वार्ड नं0 11 सैंयर गेट बाहर में प्रेमचन्द्र वर्मा के मकान से रहमत अली के मकान तक नाली, पुलिया, सड़क मरम्मत कार्य। | 836951.00 | 840.00+18.00% GST | 83700.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 12. | वार्ड नं0 12 स्कूलपुरा में यूसुफ खांन के मकान से मनोज के मकान तक नाली पुलिया एपैक्स सड़क मरम्मत का कार्य। | 845609.00 | 850.00+18.00% GST | 84600.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 13. | वार्ड नं0 13 कोछाभांवर में एफ0आर0एफ0 सेन्टर के आगे शमशान घाट में शवदाह स्थल एवं प्रार्थना स्थल का कार्य। | 1262670.00 | 1265.00+18.00 % GST | 126300.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 14. | वार्ड नं0 14 में सतीश कनौजिया के मकान से डालचन्द्र के मकान तक, शान्ति बाबू से विकास लाईट वाले तक, राजकुमारी जतारिया से विनोद तक एपैक्स रोड एवं साइड पटरी मरम्मत का कार्य। | 646022.00 | 650.00+18.00% GST | 64700.00 | तीन माह | सी श्रेणी |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15. | वार्ड नं0 15 में शिवम् अहिरवार से पी0के0 राहुल तक, नाती राजा से सत्यम के मकान तक नाली, पुलिया एवं एपैक्स निर्माण कार्य। | 841546.00 | 845.00+18.00% GST | 84200.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 16. | वार्ड नं0 16 मसीहागंज में बन्टी किराना स्टोर से सुलेमान के मकान तक नाली, पुलिया एपैक्स सड़क मरम्मत का कार्य। | 810816.00 | 815.00+18.00% GST | 81100.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 17. | वार्ड नं0 17 में नन्दनपुरा के अन्तर्गत रामचेरे बाबा के पीछे प्रभात के मकान से मुकेश वर्मा होते हुए गुप्ता किराना स्टोर तक एवं कमलेश कुशवाहा के मकान से गौरी के मकान होते हुए दीपक पाल तक सड़क एवं नाली सुधार कार्य। | 846320.00 | 850.00+18.00% GST | 84700.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 18. | वार्ड नं0 18 तालपुरा द्वितीय में विशाल मेगा मार्ट से रविदास आश्रम मैदान तक नाली पुलिया एपैक्स सड़क मरम्मत का कार्य। | 1267373.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126800.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 19. | वार्ड नं0 19 में जैन कलेक्शन से नेहरू तिवारी के मकान तक एवं राजा राम ऑटो पार्टस से कल्लू पुरी के मकान से होते हुए कौशल के मकान तक नाली, पुलिया एवं एपैक्स सुधार कार्य। | 837486.00 | 840.00+18.00% GST | 83800.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 20. | वार्ड नं0 20 गुदरी के अन्तर्गत शंकर सिंह के बगीचा के पास विहारी जी के मन्दिर के सामने ब्रजकिशोर के मकान होते हुए रोहित साहू मेन रोड तक सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य। | 1240285.00 | 1240.00+18.00 % GST | 124100.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 21. | वार्ड नं0 21 में सिमरधा के अन्तर्गत पाल कॉलोनी में मकरन्द के मकान से रघुनाथ के मकान तक सड़क एवं नाली सुधार कार्य। | 842695.00 | 845.00+18.00% GST | 84300.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 22. | वार्ड नं0 22 में रामबाबू रजक से दर्शन परिहार तक नाली, पुलिया एवं एपैक्स मरम्मत का कार्य। | 1266504.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126700.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 23. | वार्ड नं0 23 लहरगिर्द द्वितीय में प्रेमसुधा के मकान से राहुल के मकान तक नाली एवं सड़क निर्माण कार्य। | 831962.00 | 835.00+18.00% GST | 83200.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 24. | वार्ड नं0 24 सिमराहा में छुआरा बगीचा में प्रेम नारायण कुशवाहा के मकान से धनीराम कुशवाहा के मकान के आगे तक नाली, पुलिया, एपैक्स, सड़क निर्माण कार्य। | 1269692.00 | 1270.00+18.00 % GST | 127000.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 25. | वार्ड नं0 25 में शिवदयाल मास्टर के मकान से राजाराम पण्डित जी के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य। | 1266462.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126700.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 26. | वार्ड नं0 26 में श्री विष्णु त्रिपाठी फार्म हाउस की पुलिया से अनुराग त्रिपाठी होते हुए कालीचरण की पुलिया तक नाली पुलिया एवं एपैक्स मरम्मत का कार्य। | 1268427.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126900.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 27. | वार्ड नं0 27 में शिवाजी नगर के अन्तर्गत नफीस के मकान से कालीचरण के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 737178.00 | 740.00+18.00% GST | 73800.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 28. | वार्ड नं0 28 हीरापुरा में कान्हा की दुकान के पास एवं गणेश मन्दिर के पास एवं रूपेश नामदेव के मकान के पास एवं कैलाश मन्दिर के पास एवं राजेश सिंह के मकान के पास एवं आदि स्थानों पर विभिन्न प्रकार के नाली, पुलिया, एपैक्स मरम्मत का कार्य। | 846269.00 | 850.00+18.00% GST | 84700.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 29. | वार्ड नं0 29 नैनागढ़ दक्षिण के हरदौल मोहल्ले में अभिषेक अहिरवार के मकान से दीपक श्रीवास्तव के मकान होते हुए रब्बू अहिरवार के मकान तक एवं रवि कुमार भदौरिया के मकान से प्रीतम श्रीवास्तव के मकान तक एपैक्स रिफिक्सिंग, नाली, पुलिया मरम्मत कार्य। | 794485.00 | 795.00+18.00% GST | 79500.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 30. | वार्ड 30 में उन्नाव गेट बाहर के अन्तर्गत मनोहर लाल के मकान से पार्षद जी निवास होते हुए भईया लाल के मकान तक सड़क एव नाली सुधार कार्य। | 1269312.00 | 1270.00+18.00 % GST | 127000.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 31. | वार्ड नं0 31 लहरगिर्द के अन्तर्गत ब्रह्मनगर में एवं सिद्धेश्वर नगर आईटीआई में विभिन्न स्थानों में सड़क नाली, पुलिया मरम्मत का कार्य। | 836686.00 | 840.00+18.00% GST | 83700.00 | तीन माह | सी श्रेणी |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 32. | वार्ड नं0 32 पिछोर के अन्तर्गत बृजेश राजपूत के मकान से वीरेन्द्र के मकान होते हुए बृजभूषण के मकान तक सड़क एवं नाली का सुधार कार्य। | 1115075.00 | 1115.00+18.00 % GST | 111600.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 33. | वार्ड नं0 33 में अशोक कुमार से अवधेश चौहान होते हुए रवि आर्या के मकान तक नाली पुलिया एवं एपैक्स मरम्मत कार्य। | 1266401.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126700.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 34. | वार्ड नं0 34 नई बस्ती द्वितीय के अन्तर्गत खाती बाबा मन्दिर के पास अमित वर्मा के मकान से दिनेश रावत के मकान होते हुए शंकर जी मन्दिर तक सड़क एवं नाली सुधार कार्य। | 1270226.00 | 1270.00+18.00 % GST | 127100.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 35. | वार्ड नं0 35 नन्दनपुरा में सर्व यू0पी0 ग्रामीण बैंक से अरविन्द्र वाल्मीकि के मकान तक नाली, पुलिया, एपैक्स सड़क निर्माण का कार्य। | 801718.00 | 805.00+18.00% GST | 80200.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 36. | वार्ड नं0 36 में संजय श्रीवास्तव के मकान से प्रभाकर जी के मकान तक और कटियार जी के मकान से शिवहरे जी के मकान तक नाली, पुलिया व एपैक्स मरम्मत कार्य। | 1264365.00 | 1265.00+18.00 % GST | 126500.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 37. | वार्ड नं0 37 दतिया गेट बाहर के0जी0एन0 मीट शॉप के पास एवं शंकर लाल कुशवाहा के मकान के पास एवं रामऔतार सिंह यादव के मकान के पास एवं रामजी लाल के मकान के पास एवं आदि स्थानों पर विभिन्न प्रकार के नाली, पुलिया, एपैक्स मरम्मत का कार्य। | 823588.00 | 825.00+18.00% GST | 82400.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 38. | वार्ड नं0 38 में बृज कुशवाहा के मकान से बिसातयान कब्रिस्तान तक एवं मुकती सिददीक के मकान से अनिल साहू के मकान तक एवं नासिद के मकान से रसीद के मकान तक नाली, पुलिया, एपेक्स सड़क सुधार कार्य। | 1207493.00 | 1210.00+18.00 % GST | 120800.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 39. | वार्ड नं0 39 दतिया गेट बाहर बृज किशोर पाठक के मकान से श्रीमती राजेश्वरी के मकान होते हुये दिनेश कुशवाहा के मकान तक नाली, पुलिया सड़क मरम्मत का कार्य। | 610111.00 | 610.00+18.00% GST | 61200.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 40. | वार्ड नं0 40 आजादगंज में हरेन्द्र के मकान के पास खातीबाबा मन्दिर के पास एवं डॉ0 अंसारी के मकान के पास एवं आदि स्थानों पर विभिन्न प्रकार के नाली, पुलिया, एपैक्स मरम्मत का कार्य। | 799243.00 | 800.00+18.00% GST | 80000.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 41. | वार्ड नं0 41 नन्दनपुरा आवस विकास के अन्तर्गत के0के0 पुरी आवास विकास एवं राजेन्द्र नगर में सड़क नाली, पुलिया मरम्मत का कार्य। | 839189.00 | 840.00+18.00% GST | 84000.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 42. | वार्ड नं0 42 सागर गेट में मनीष चौधरी के मकान के पास एवं दिन्नू चौरसिया के मकान के पास एवं लक्ष्मीगेट कलारी के पास एवं केशव साहू के मकान के पास एवं आदि स्थानों पर विभिन्न प्रकार के नाली, पुलिया, एपैक्स मरम्मत का कार्य। | 822970.00 | 825.00+18.00% GST | 82300.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 43. | वार्ड नं0 43 में मनीष इलेक्ट्रॉनिक से भरत भूषण तक, सागर गारमेन्ट्स से प्रदीप तिवारी तक और जय बजरंग ट्रेडर्स के पास नाली, पुलिया एवं एपैक्स मरम्मत का कार्य। | 1267116.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126800.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 44. | वार्ड नं0 44 में शौचालय के सामने, शहजाद खान से आरिफ खान होते हुए संजय तक, संजय से अब्दुल रहीम होते हुए अजीम अहमद तक, अजीम अहमद से धूमाबाई तक नाली, पुलिया एवं एपैक्स मरम्मत कार्य। | 1267426.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126800.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 45. | वार्ड नं0 45 में बाले साहू की दुकान से भरोसे की दुकान होते हुए ओरछा गेट तक साईड पट्टी एव नाली मरम्मत का कार्य। | 1267911.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126800.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 46. | वार्ड नं0 46 प्रेमगंज के अन्तर्गत आदर्श नगर में राजेन्द्र श्रीवास्तव के मकान से सत्यप्रकाश तक एवं मीनू चावला के मकान तक सड़क एवं नाली सुधार कार्य। | 843623.00 | 845.00+18.00% GST | 84400.00 | तीन माह | सी श्रेणी |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 47. | वार्ड नं0 47 में विभिन्न स्थानों पर नाली, पुलिया एवं एपैक्स मरम्मत कार्य। | 766960.00 | 770.00+18.00% GST | 76700.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 48. | वार्ड नं0 48 में मोहम्मद शरीफ से शेख मुन्ना के मकान तक नाली, पुलिया एवं एपैक्स मरम्मत का कार्य। | 843058.00 | 845.00+18.00% GST | 84400.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 49. | वार्ड नं0 49 गोन्दूकम्पाउण्ड के अन्तर्गत सर्व नगर में सी0पी0 तिवारी के मकान से आशीष के मकान राजेश अग्रवाल एवं चिन्टू अग्रवाल के मकान तक हॉटमिक्स प्लान्ट द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 1270217.00 | 1270.00+18.00 % GST | 127100.00 | तीन माह | ऐ श्रेणी (एच.एम.पी.) |
| 50. | वार्ड नं0 50 बड़ागांव गेट बाहर मास्टर कॉलोनी में कमलेश यादव के मकान से हितेन्द्र श्रीवास्तव के मकान तक एवं सौरभ गुप्ता के मकान से राजू शर्मा के मकान तक नाली, पुलिया, एपैक्स मरम्मत का कार्य। | 1247072.00 | 1250.00+18.00 % GST | 124800.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 51. | वार्ड नं0 51 के अनतर्गत पुलिस अधीक्षक (नगर) के आवास के पीछे हनुमान जी मंदिर के सामने कुआँ सफाई, जाल व शेड एवं इण्टरलॉकिंग टाईलस लगाने का कार्य। | 843221.00 | 845.00+18.00% GST | 84400.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 52. | वार्ड नं0 52 के अन्तर्गत विशातखाना में कमरू पुलाव वाले कि दुकान से काली जी के मंदिर तक एवं अंशार पान वाले से गुलाब के मकान तक नाली, पुलिया व एपेक्स सुधार कार्य। | 786631.00 | 790.00+18.00% GST | 78700.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 53. | वार्ड नं0 53 में अनिल शर्मा से अनुभव इण्टर प्राइजेज होते हुए मनीष पान भण्डार तक नाली एवं साईड पट्टी निर्माण कार्य। | 1269428.00 | 1270.00+18.00 % GST | 127000.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 54. | वार्ड नं0 54 के अन्तर्गत सब्बीर के मकान के पास, गफ्फार के सामने तक नाली, पुलिया एवं एपैक्स मरम्मत का कार्य। | 841849.00 | 845.00+18.00% GST | 84200.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 55. | वार्ड नं0 55 सिविल लाइन के अन्तर्गत एस0एम0 टावर के सामने इण्डियन बैंक से डॉ0 सक्सेना होते हुए दुर्गा हार्डवेयर मेन रोड तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 1267956.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126800.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 56. | वार्ड नं0 56 में आमिर अहमद से पूनम वस्त्रालय होते हुये दतिया गेट तक नाली एवं एपैक्स साईड पटरी मरम्मत का कार्य। | 1211267.00 | 1215.00+18.00 % GST | 121200.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 57. | वार्ड नं0 57 में सी0पी0 मिशन कम्पाउण्ड में श्याम अग्रवाल के मकान से विधायक के0पी0 राजपूत के मकान होते हुए एस0एन0 गुप्ता के मकान तक एवं अंकुर दीक्षित के मकान के पास पुलिया मरम्मत एवं नाली, पुलिया एपैक्स सड़क मरम्मत का कार्य। | 1269830.00 | 1270.00+18.00 % GST | 127000.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 58. | वार्ड नं0 58 में श्री बालाजी मोबाईल शॉप से अड्डू यादव के मार्केट होते हुये मजार तक नाली एवं एपैक्स मरम्मत कार्य। | 1240176.00 | 1240.00+18.00 % GST | 124100.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 59. | वार्ड नं0 59 में राजा बाबा टावर से श्री गणेश गिफ्ट सेन्टर होते हुए मनीष पार्लर तक नाली निर्माण कार्य। | 1266183.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126700.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 60. | वार्ड नं0 60 में सुरेश पान वाले से गुप्ता मिष्ठान भण्डार तक नाली, साईड पटरी सुधार कार्य। | 1166075.00 | 1170.00+18.00 % GST | 116700.00 | तीन माह | बी श्रेणी |

नोट–

1. निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में अधिशासी अभियन्ता कार्यालय में देखी जा सकती है।
2. कार्यों से सम्बन्धित निविदा सूचना एवं शर्तें नगर निगम, झाँसी की बेवसाइट **www.jnnjhansi.com**में देखी जा सकती है।
3. निविदादाता को **http://etender.up.nic.in**में ई–टेण्डर में पंजीकृत होना है।
4. पंजीकृत ठेकेदार अपनी श्रेणी के अलावा एक श्रेणी नीचे तक का कार्य लेने के लिए अनुमन्य होगा।
5. ई–टेण्डरिंग में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न होने की स्थिति में परिवर्तन अथवा पूर्व की भांति मैनुअल मांगे जाने का अधिकार नगर आयुक्त,नगर निगम,झाँसी में निहित होगा।
6. कार्य को पूर्ण करने की समयावधि वर्षा ऋतु को शामिल करते हुए वर्णित है।
7. अपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
8. कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार काउन्सिल में पंजीकृत है वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा।

9. प्रत्येक निविदादाता रू0 100/– के नॉन–जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर सभी सूचनाएं सही होने का शपथ–पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
10. प्रतिभूति की धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि **http://jnnjhansi.procure247.com** के माध्यम से जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
11. डिफैक्ट लायबिलिटी की अवधि लोक निर्माण विभाग द्वारा तय की गयी अवधि के अनुसार होगी।
12. कार्य स्वीकृत होने के पश्चात् कार्य प्रारम्भिक फोटो, कार्य प्रगति की फोटो एवं कार्य समाप्ति की फोटो पत्रावली में लगाया जाना अनिवार्य होगा।
13. शासनादेश सं0 11593/नौ–5–2021–142सा/2021 नगर विकास अनुभाग–5 दिनांक 07.01.2022 के अनुसार निर्माण कार्यों में परफोरमेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी।( प्राप्त निविदा की लागत कार्य हेतु अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत से नीचे प्राप्त हुई हो तो उस दशा में प्रथम 10 प्रतिशत तक के लिए परफोरमेन्स सिक्योरिटी 3 प्रतिशत ही रहेगी परन्तु उसके पश्चात् प्रत्येक 1 प्रतिशत नीचे दर हेतु 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त परफोरमेन्स सिक्योरिटी जमा कराया जाये।)
14. जी0एस0टी0 के नियमों/शासनादेश के अनुसार निर्धारित कटौती की जायेगी।
15. कार्य में प्रयुक्त सामग्री की जांच समय–समय पर परीक्षणशाला से करानी होगी। जांच रिपोर्ट में यदि कोई मानक के विपरीत पायी जाती है तो सम्बन्धित कार्य को तोड़कर पुनः ठेकेदार द्वारा हर्जे–खर्चे पर ठीक किया जाना अनिवार्य होगा तथा इस कार्य में कोई अतिरिक्त भुगतान नगर निगम,झॉसी द्वारा नहीं किया जायेगा।
16. शासनादेश सं0 3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के अनुसार न्यूनतम निविदादाता का यदि पूर्व से नगर निगम, झॉसी में पंजीकरण नहीं है तो उन्हें पंजीकरण नियमावली/शर्तों के अनुसार पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
17. निविदा खोलने की तिथि में अगर अवकाश होता है तो निविदा अगले दिवस में खोली जायेगी।
18. ई–निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन की सूचना को बेवसाईट पर ही अपलोड कर प्रकाशित किया जायेगा।
19. ठेकेदार/फर्म के किये गये कार्यों की परफोरमेन्स के आधार पर प्रश्नगत् कार्य की निविदा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त,नगर निगम,झॉसी में निहित होगा।
20. निविदा दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 90 नब्बे दिनों की अवधि के लिए स्वीकृति के लिए मान्य रहेगी। एक बार सबमिट की गई निविदा दरें सबमिट करने की अंतिम तिथि के बाद वापस नहीं लिया जा सकता है।
21. किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार से किसी भी सेवानिवृत्ति राजपत्र अधिकारी (एक वर्ष के भीतर सेवानिवृत्त) को सरकार की अनुमति के बिना ठेकेदार प्रतिष्ठान में काम करने की अनुमति नहीं है। यह अनुबंध रद्द करने के लिए उत्तरदायी है, यदि ठेकेदार या उसके किसी कर्मचारी को किसी भी समय ऐसा व्यक्ति मिल जाता है, जिसने ठेकेदार की सेवा में निविदा प्रस्तुत करने से पहले सरकार की अनुमति नहीं ली थी। इस विभाग के अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारी के लिए भी यही शर्त लागू होगी।
22. निविदा दस्तावेज, और निविदादाता योजना, विनिर्देशों, आरेखण की पात्रता मानदंड से संम्बन्धित अन्य विवरण, किए जाने वाले कार्य के विभिन्न वर्गो की मात्रा की अनुसूची और अनुबंध के नियम और शर्तो का पालन करने के लिए ठेकेदार द्वारा अनुपालन किया जा सकता है। बेवसाइट से लोड किया जा सकता है। **https://etender.up.nic.in**
23. किसी भी आपराधिक गतिविधि के लिए माननीय न्यायालय द्वारा दंडित किसी भी निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं है।
24. शासनादेश सं0 24वी0आईपी0(1)/नौ–5–2017–120बजट/2013 नगर विकास अनुभाग–5 दिनांक 24.08.2017 के क्रम में निर्मित किये जाने वाली सड़क को निर्माण पूर्ण होने के पश्चात् 5 वर्ष तक अनुरक्षण/रख–रखाव की जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म की होगी,परियोजना लागत की 5 प्रतिशत धनराशि परफोरमेन्स गारण्टी के रूप में 5 वर्ष रोकने के उपरान्त सड़क के समुचित रख–रखाव होने की दशा में भुगतान की जायेगी।
25. निविदादाता द्वारा कार्य किसी अन्य व्यक्ति/ठेकेदार को सबलेट नहीं किया जा सकता है।
26. निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करते समय निविदादाता द्वारा श्रम विभाग में अपना श्रम पंजीकृत करना आवश्यक है।
27. निविदादाता को प्रस्तुत करने से पहले स्वयं को संतुष्ट करना होगा कि उसके पास कार्य को निष्पादित करने के लिए पर्याप्त निविदा दर की क्षमता है और उसे प्रथम न्यूनतम् निविदादाता द्वारा क्षमता गणना पत्रक प्रस्तुत करना होगा।
28. नेशनल ग्रीन ट्रिव्यूनल द्वारा जारी कोई भी परिपत्र या निर्देश ठेकेदार पर लागू होगा।
29. कार्य के साथ निर्गत कार्यादेश जारी करने के बाद ठेकेदार श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत संबन्धित कार्य स्थल पर कार्यरत मजदूरों के नाम जमा करेगा।
30. नगर निगम मा0सदन की बैठक दिनांक 13.11.2019 के स्वीकृत प्रस्ताव सं0 9 के अनुसार किसी भी ठेकेदार के पूर्व से स्वीकृत कोई भी तीन या उसके अधिक कार्य अधूरे है, तो उस ठेकेदार को नया कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा तथा किसी भी ठेकेदार को एक बार में तीन से अधिक कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
31. निविदादाता के पंजीकृत मोबाईल नम्बर परएस.एम.एस. द्वारा दिए गए ई–मेल पर भेजे गए सभी नोटिस और पत्र, निविदादाता द्वारा प्राप्त किए गए मान्य लिए जाएंगें।
32. विभिन्न सरकारी आदेश/निदेशालय आदेश समय–समय पर जारी किए जाएंगे।
33. अन्य विवरण निविदा शर्तो में देखे जा सकते हैं। कर्मचारी को उसके नियंत्रण से परे प्रणाली की विफलता के कारण किसी भी दरों के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा जाएगा। भले ही सिस्टम किसी भी निविदादाता को सूचित करने की कोशिश करेगा, लेकिन नियोक्ता निविदादाता द्वारा प्राप्त किसी भी जानकारी के लिए उत्तरदायीं नही होगा। निविदा से संबन्धित नवीनतम जानकारी के लिए बेवसाईट से सत्यापित करना निविदादाताओं की जिम्मेदारी है।

34. ठेकेदार/निविदादाता को निर्माण के समय यातयात के आवागमन को बिना किसी अवरोध के बनाये रखने हेतु पर्याप्त सुविधा/व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।
35. एक अथवा सभी निविदाओं को कारण बताये अथवा बिना बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त में निहित होगा एवं किसी भी शर्त को संशोधित करने का पूर्व अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम,झॉसी में निहित होगा।
36. निविदादाता को निविदा डबल बिड सिस्टम के आधार पर (तकनीकी अथवां वित्तीय) पृथक–पृथक देना अनिवार्य होगा।
37. मा0 एन0जी0टी0 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण कर्या सामग्री को ग्रीन कवर से ढककर एवं पानी का छिड़काव करते हुए कार्य करना अनिवार्य होगा जिससे वायु प्रदुषण उत्पन्न न हो। अन्यथा कि स्थिति में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति वसूलने की कार्यवाही की जायेगी।
38. निविदादाता को शासन/निदेशालय/नगर निगम द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
39. टेक्नीकल बिड के साथ तकनीकी स्टाफ से सम्बन्धित सूचना विवरण सहित (शपथ पत्र सहित) संलग्न करना होगा।
40. टेक्नीकल बिड के साथ यथा आवश्यक उपकरणं की उपलब्धता से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
41. निविदादाता के पास विद्युतीकरण कार्यों को निष्पादित करने के लिए आवश्यक वैद्य विद्युत निदेशालय द्वारा प्रदत्त पंजीकरण/ए–श्रेणी का पंजीकरण प्रमाण–पत्र लाइसेन्स होना अनिवार्य है।
42. सर्वनिम्न निविदादाता को कार्यालय से स्वीकृति पत्र निर्गत होने के उपरान्त उपरोक्त कार्य को नियत तिथि तक पूर्ण करना अनिवार्य होगा अन्या विभाग द्वारा अन्तिम नोटिस जारी कर काली सूची में डाले जाने की कार्यवाही की जायेगी।
43. पी0डब्लू0डी0 के **Model Bidding Document for construction of roads** के सेक्शन–2 के 15.6 में यह उल्लेख किया गया है कि **"if the bidder withdraws the bid after bid opening during the period of bid validity, the Earnest money may be forfeit."** के अनुसार ठेकेदार की जमानत धनराशि जब्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

मुख्य अभियन्ता　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　नगर आयुक्त

पत्रांक :– 1582/जनकार्य वि0/न0नि0/2025–26　　　　　　　　दिनांक :–19/09/2025

प्रतिलिपि :–

1. विज्ञापन व्यवस्थापक, दैनिक जागरण/दैनिक हिन्दुस्तान, दैनिक समाचार पत्र, झाँसी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त अंकित निविदा सूचना प्राप्ति दिनांक को या अगले दिनांक की अपने समाचार पत्र के झाँसी संस्करण के मुख्य पृष्ठ को छोड़कर न्यूनतम स्पेस में तथा 08 के फॉन्ट में एक बार के लिए प्रकाशित कर समाचार पत्र की 03 प्रतियों के साथ बिल भिजवाने का कष्ट करें।
2. सदस्य, निविदा समिति, नगर निगम,झॉसी को इस आशय से उक्त तिथि में निविदा सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।
3. नाजिर/प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम,झाँसी को इस आशय के साथ कि कृपया उक्त निविदा सूचना कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. पी0ए0, नगर आयुक्त को विज्ञापन पंजिका में दर्ज करने हेतु।
5. आई0टी0एक्सपर्ट,नगर निगम,झॉसी को बेवसाइट पर अपलोड हेतु।

मुख्य अभियन्ता
झाँसी नगर निगम,झाँसी।